विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

क्र./परीक्षा/2022/215

दिनांक : 23/12/2022

–:: अधिसूचना ::–

विश्वविद्यालय द्वारा अध्ययनशाला में संचालित सत्र 2022–23 के बैचलर ऑफ फाइन आर्टस (बीएफए), बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्टस (बीपीए) के प्रथम सेमेस्टर के (नियमित/एटीकेटी) तथा तृतीय सेमेस्टर के नियमित एवं मास्टर ऑफ फाइन आर्टस (एमएफए)के प्रथम सेमेस्टर के नियमित छात्र–छात्राओं से ऑनलाइन के माध्यम से परीक्षा आवेदन पत्र जमा करवायें जाने की तिथियाँ निम्नानुसार घोषित की जाती है :–

(1) **बिना विलम्ब शुल्क परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि –**

"दिनांक 26 दिसम्बर, 2022 से 31 दिसम्बर, 2022 तक"

2) **विलम्ब शुल्क रूपये 100/– के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि –**

"दिनांक 01 जनवरी, 2023 से 02 जनवरी, 2023 तक"

(3) **विलम्ब शुल्क रू. 750/– के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि –**

03 जनवरी, 2023 से 04 जनवरी, 2023 तक"

(4) **विशेष विलम्ब शुल्क रू. 2000/– के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि –**

'दिनांक 05 जनवरी, 2023 से परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिवस पूर्व तक'

परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने संबंधी दिशा–निर्देश –

01) विभागाध्यक्ष/केन्द्राध्यक्ष, संबंधित अध्ययनशाला की ओर भेजकर निवेदन है कि परीक्षा आवेदन पत्र मय नॉमिनल रोल लिस्ट के 02 प्रतियों में अग्रेषित कर विश्वविद्यालय को अनिवार्य रूप से भेजें। यथा घोषित तिथि पर परीक्षा आवेदन पत्र प्रस्तुत न करने पर अगर कोई छात्र परीक्षा से वंचित रहता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित अध्ययनशाला का होगा।

02) विभागाध्यक्ष/केन्द्राध्यक्ष, संबंधित अध्ययनशाला परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करते समय परीक्षार्थी से आर्हतादायक परीक्षा की समस्त अंकतालिकाओं की सत्यापित प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करवाएँ एवं अग्रेषण शुल्क (Forwarding fee) रू. 50/–प्रति परीक्षार्थी संबंधित अध्ययनशाला संग्रहित करेगा। इस राशि में से वि.वि. का अंश रू. 10/– प्रति परीक्षार्थी की दर से कुल राशि का भुगतान अविलम्ब वि.वि. को करेंगे।

03) कला संकाय के परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र के साथ परीक्षा संचालन शुल्क रूपये 200/– संबंधित अध्ययनशाला में जमा करेंगे।

04) संबंधित विभागाध्यक्ष/केन्द्राध्यर्क्ष परीक्षार्थी के परीक्षा शुल्क सत्यापन की सूची परीक्षा आवेदन पत्र भेजते समय दो प्रतियों में अनिवार्य रूप से भेजें।

05) आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि के पश्चात **तीन (03) दिवस** के अंदर परीक्षा आवेदन विश्वविद्यालय में जमा करायें। समय सीमा में जमा न कराने के पश्चात प्रति छात्र 10/– (दस रुपये) विलम्ब शुल्क अध्ययनशाला को जमा कराना होगा।

आदेशानुसार

परीक्षा नियंत्रक

दिनांक : 23/12/2022

क्रमांक / परीक्षा / 2022 / 216

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –

01. निदेशक / विभागाध्यक्ष संबंधित संस्थान / उज्जैन की ओर भेजकर निवेदन हैं कि उक्त से संबंधित परीक्षार्थियों को अवगत करावें एवं अधिसूचना की एक प्रति संस्थान / अध्ययनशाला के सूचना पटल पर चस्पा करने का कष्ट करें।
02. माननीय कुलपतिजी एवं कुलसचिवजी के निज सहायक, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
03. कुलानुशासक / मीडिया प्रभारी, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
04. अधिष्ठाता, विद्यार्थी कल्याण संकाय, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
05. प्रभारी, ऑनलाईन प्रकोष्ठ, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
06. प्रभारी, कम्प्यूटर सेन्टर, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर उक्त अधिसूचना विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
07. प्रभारी, मुद्रणालय / पूछताछ कार्यालय, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
08. सहायक कुलसचिव, लेखा / गोपनीय विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
09. संपादक / प्रतिनिधि महोदय, दैनिक समाचार पत्र .... की ओर भेजकर अनुरोध है कि अधिसूचना की जानकारी अपने लोकप्रिय समाचार–पत्र में छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)